आईआईएम में अगले सत्र से बिजनेस एनालिटिक्स में दो वर्षीय एमबीए कोर्स

सिटी रिपोर्टर | रांची

आईआईएम रांची में अगले सेशन (जून 2021) से बिजनेस एनालिटिक्स में दो वर्षीय एमबीए कोर्स शुरू हो रहा है। अभी एमबीए, एमबीए एचआर व मैनेजमेंट में पीएचडी कोर्स चल रहे हैं। इनमें एमबीए इन बिजनेस एनालिटिक्स को भी जोड़ा जाएगा, जो दो साल का पूर्णकालिक आवासीय पाठ्यक्रम है। इससे छात्रों को एनालिटिक्स के गहन और व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने में मदद मिलेगी। पाठ्यक्रम में बड़े पैमाने पर डेटा साइंस, सांख्यिकीय मॉडलिंग, डेटा माइनिंग तकनीक, बिग डेटा, विजुअलाइजेशन, मशीन लर्निंग, अनस्ट्रक्चर्ड डेटा के साथ एनालिटिक्स, प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण और सोशल मीडिया एनालिटिक्स शामिल हैं।

Dainik Bhaskar, 14.10.2020, Pg. 02